# सीनियर नेशनल और इंटर स्टेट टेबल टेनिस स्पर्धा में सुहाना ने जीते दो पदक

## 14 से 21 मार्च तक इंदौर में हुई 87वीं चैंपियनशिप में लहराया परचम

■ पिता ने बताया क्वार्टर फाइनल में ओलंपियन सुतीर्था मुखर्जी को हराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

87वीं सीनियर नेशनल और इंटर स्टेट टेबल टेनिस चैंपियनशिप में रोहतक की बेटी सुहाना सैनी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दो पदक जीते। सुहाना ने मिश्रित युगल वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। वहीं, महिला एकल में कांस्य पदक जीता। यह प्रतियोगिता 14 से 21 मार्च तक इंदौर में आयोजित की गई। पिता विकास सैनी ने बताया कि हरियाणा में ऐसा पहली बार हुआ है कि महिला एकल में किसी खिलाड़ी ने पदक जीता हो और मिश्रित वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। पिता ने बताया कि सुहाना ने महिला एकल में प्री क्वार्टर फाइनल में कर्नाटक की खिलाड़ी 3-1 से हराया था। क्वार्टर फाइनल में ओलपिंयन सुतीर्था मुखर्जी को हराया। सेमीफाइनल में हार का सामना करना पड़ा। सुहाना जिले के ग्रीन रोड की निवासी है। पिता विकास सैनी व मां भावना सैनी टेबल टेनिस की खिलाड़ी रही हैं और खेल विभाग में कोच के पद पर रोहतक में ही तैनात हैं। चार साल की उम्र से ही सुहाना अपनी मां भावना से टेबल टेनिस के गुर सीखने लगी थीं।

### सुहाना की उपलब्धियां



2025 में आयोजित नेशनल प्रतियोगिता में रजत व कांस्य पदक जीता था। सुहाना ने आठ साल की उम्र में वर्ष 2014 में स्टेट चैंपियनशिप जीती थी। वर्ष 2016 में नेशनल चैंपियनशिप जीती। 2022 वर्ल्ड टेबल टेनिस यूथ कंटेंडर में स्वर्ण पदक जीता था। 2025 में 86वीं सीनियर नेशनल एवं अंतर राज्य टेबल टेनिस प्रतियोगिता में दो पदक जीते। 2025 में डब्ल्यूटीटी स्टार कंटेंडर टेबल टेनिस प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीता।

### जूनियर बालक एवं बालिका हरियाणा स्टेट बॉक्सिंग चैंपियनशिप के मुकाबले आज से

**रोहतक।** खेल जगत और खासकर मुक्केबाजी के प्रेमियों के लिए बड़ी खबर है। रोहतक के आर्यन बॉक्सिंग स्पोर्ट्स क्लब' द्वारा 22 से 26 मार्च 2026 तक '5वीं जूनियर बालक एवं बालिका हरियाणा स्टेट बॉक्सिंग चैंपियनशिप' का भव्य आयोजन किया जाएगा। रविवार को ड्रा किए गए। मुकाबले सोमवार से शुरू होंगे। सुनारिया रोड स्थित इस क्लब में होने वाली इस प्रतियोगिता का उद्देश्य देश की उभरती हुई मुक्केबाजी प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना और उन्हें एक बड़ा मंच प्रदान करना है। इस 5 दिवसीय चैंपियनशिप की सबसे खास बात इसमें शामिल होने वाले मुख्य अतिथि खेल जगत के कई बड़े नाम उभरते हुए खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने पहुंचेंगे। ओलंपियन विजेंदर सिंह , ओलंपियन और अर्जुन अवार्डी अमित पंघाल, ओलंपियन व अर्जुन अवार्डी दिनेश कुमार, एशियन गोल्ड मेडलिस्ट संजीत कुमार और अंतरराष्ट्रीय बॉक्सिंग कोच अमनप्रीत कौर शिरकत करेंगी। इन दिग्गज खिलाड़ियों की उपस्थिति से न केवल प्रतियोगिता का गौरव बढ़ेगा, बल्कि प्रदेश के नन्हे मुक्केबाजों को सीधे अपने रोल मॉडल्स से सीखने और प्रेरित होने का सुनहरा अवसर मिलेगा।

## द आर्यन स्कूल में हुई छात्रवृत्ति परीक्षा, मेधावी सम्मानित




**रोहतक।** द आर्यन ग्लोबल स्कूल में रविवार को विद्यालय स्तर पर छात्रवृत्ति परीक्षा का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस परीक्षा में कक्षा नर्सरी से लेकर कक्षा 12वीं तक के कुल 300 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। परीक्षा शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित वातावरण में संपन्न हुई। विशेष बात यह रही कि परीक्षा परिणाम विद्यार्थियों को उसी दिन हाथों-हाथ सुना दिए गए, जिससे छात्रों और अभिभावकों में उत्साह एवं प्रसन्नता का माहौल रहा। इस छात्रवृत्ति परीक्षा का उद्देश्य मेधावी विद्यार्थियों की प्रतिभा को प्रोत्साहित करना तथा उन्हें शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए प्रेरित करना है। विद्यालय के प्रधानाचार्य राजकुमार खन्ना, निदेशिका सुनीता अहलावत और मैनेजमेंट सदस्या संतोष खन्ना द्वारा चयनित विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान कर सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य आरके खन्ना ने परीक्षा के सफल आयोजन में सहयोग देने वाले सभी शिक्षकों, कर्मचारियों एवं अभिभावकों का आभार व्यक्त किया तथा विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## मास्टर धर्मपाल क्रिकेट अकादमी रोहतक ने 145 रनों से जीता मैच

■ मयंक नेहरा ने 7 ओवर में 44 रन देकर लिए 2 विकेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महाराजा अग्रसेन स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में मास्टर धर्मपाल क्रिकेट अकादमी रोहतक ने शानदार प्रदर्शन करते हुए गोयल क्रिकेट क्लब को 145 रन से करारी शिकस्त दी।

मैच में टॉस जीतकर गोयल क्रिकेट क्लब ने पहले गेंदबाज़ी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाज़ी करते हुए मास्टर धर्मपाल क्रिकेट अकादमी रोहतक ने निर्धारित 40 ओवरों में 8 विकेट के नुकसान पर 277 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया। टीम की ओर से आर्यन ने शानदार शतकीय पारी खेलते हुए 85 गेंदों पर 112 रन बनाए, जिसमें 9 चौके और 7 छक्के शामिल थे। गोयल क्रिकेट क्लब की ओर से गेंदबाज़ी में मयंक नेहरा ने 7 ओवर में 44 रन देकर 2 विकेट लिए। 278 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी गोयल क्रिकेट क्लब की टीम शुरुआत से ही दबाव में नजर आई। अर्जुन मोर ने 65 गेंदों पर 54 रन बनाकर संघर्ष जरूर किया, जबकि सौरव ने 25 रन बनाए। पूरी टीम 26.1 ओवरों में 132 रन पर ऑलआउट हो गई। मास्टर धर्मपाल टीम की ओर से युगल भारद्वाज ने 7 ओवर में 38 रन देकर 4 विकेट झटके।

## बॉक्सिंग प्रतियोगिता में लोकेश व तनुज ने गोल्ड और अंशु ने जीता रजत पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

चौथी यूथ पुरुष और महिला बॉक्सिंग प्रतियोगिता में जिले की अकादमी में अभ्यास करने वाले खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। यह प्रतियोगिता महम में आयोजित की गई। इसमें 80 किलोग्राम में लोकेश ने स्वर्ण पदक जीता। 85 किलोग्राम में तनुज ने स्वर्ण पदक जीता।

वहीं, 50 किलोग्राम में अंशु ने रजत पदक जीता। खिलाड़ियों की जीत से उनके परिवार में खुशी का माहौल है। तीनों खिलाड़ी आर्यन्स बॉक्सिंग स्पोर्ट्स कल्ब में कोच संजीव के पास अभ्यास करते हैं। कोच संजीव ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी। उन्होंने आगे भी शानदार प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि इससे पहले भी इन खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन किया है।



**रोहतक।** ट्रॉफी के साथ खिलाड़ी। फोटो : हरिभूमि

## भक्तों ने मां कूष्मांडा की पूजा कर मांगी परिवार की खुशहाली

■ श्रद्धा उत्सव से किया भक्तों ने दुर्गा स्तुति पाठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

माता दरवाजा स्थित संकट मोचन मंदिर में ब्रह्मलीन गुरुमां गायत्री जी के सानिध्य में चैत्र नवरात्रों में रविवार को मां दुर्गा के चौथे स्वरूप माँ कूष्मांडा की पूजा अर्चना करके भक्तों ने परिवार की खुशहाली और हरियाली की कामनाएं की। साध्वी मानेश्वरी देवीने बताया कि मां कूष्मांडा की पूजा करने से जीवन में ऊर्जा, स्वास्थ्य और समृद्धि आती है, साथ ही सभी दुखों और बाधाओं का नाश होता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार नवरात्रि में इस नृत्य साधना से भक्तजन देवी माँ स्वयं भक्तों के हर कष्ट दूर करती है कार्यक्रम में दुर्गा स्तुति पाठ, प्रवचन, भजन संध्या, पंडित अशोक शर्मा द्वारा आरती और प्रसाद वितरित हुआ। यह जानकारी सचिव गुलशन भाटिया ने दी।



### असुर संहार के लिए मां ने धारण किया था कूष्मांडा रूप : मानेश्वरी

मां कूष्मांडा के आशीर्वाद से संतान सुख की प्राप्ति संभव : साध्वी मानेश्वरी देवी साध्वी मानेश्वरी देवी ने सत्संग करते हुए कहा कि कूष्मांडा संस्कृत का शब्द है और इसका अर्थ कुम्हड़ा है। कहा जाता है कि मां कूष्मांडा को कुम्हड़े की बलि बहुत प्रिय है, इसलिए देवी दुर्गा का नाम कूष्मांडा पड़ा। उन्होंने कहा कि मां कूष्मांडा की पूजा करने से सुख-समृद्धि और उन्नतिदायक का लाभ प्राप्त होता है। मां कूष्मांडा के आशीर्वाद से संतान सुख की प्राप्ति होती है। इनकी पूजा से व्यक्ति के समस्त कष्टों, दुखों और विपदाओं का नाश होता है। मां दुर्गा ने असुरों का संहार करने के लिए कूष्मांडा स्वरूप धारण किया था पौराणिक मान्यताओं के अनुसार देवी कुष्मांडा ने ही इस संसार की रचना की थी, यही कारण है कि इन्हें सृष्टि की आदिस्वरूपा और आदिशक्ति भी कहा जाता है, मां के इस स्वरूप को सृष्टि के रचनाकार के रूप में भी जाना जाता है।



**रोहतक।** मीटिंग को सम्बोधित करते डॉ. रणबीर सिंह दहिया। फोटो : हरिभूमि

## 29 मार्च को होगा हरियाणा ज्ञान विज्ञान समिति का जिला सम्मेलन

■ सम्मेलन में 'छिपने से पहले' नाटक का होगा मंचन

**रोहतक।** रामगोपाल कालोनी स्थित हरियाणा ज्ञान-विज्ञान समिति के राज्य कार्यालय पर रोहतक जिला सम्मेलन की तैयारी व अन्य मुद्दों पर मीटिंग की गई। हरियाणा ज्ञान-विज्ञान समिति 29 मार्च 2026 को अपना त्रिवार्षिक जिला सम्मेलन किशनपुरा चौपाल में करेगी। सम्मेलन का आरंभ डॉ. रणबीर सिंह दहिया के उद्घाटन वक्तव्य से होगा। इसके साथ ही हरियाणा ज्ञान-विज्ञान समिति के परिपेक्ष्य व वर्तमान जिला कमेटी के पिछले 3 वर्षों के कार्यों की रिपोर्ट पर बातचीत रखी जाएगी व शहीद भगत सिंह के जेल में कैदी जीवन आधारित नाटक 'छिपने से पहले' का मंचन भी होगा। हरियाणा ज्ञान-विज्ञान समिति एक स्वैच्छिक संगठन है जो पिछले 30 वर्षों से प्रदेश में वैज्ञानिक मानसिकता व सामाजिक बराबरी के मुद्दों को लेकर काम कर रहा है जिसमें रोहतक मुख्य केंद्र रहा है। आज की मीटिंग में डॉ रणबीर दहिया, प्रो. प्रमोद गौरी, इंजि. लाभ सिंह हुड्डा, प्रो. सुरेंद्र कुमार, मनीषा हंस, रिटायर्ड प्रिंसिपल राजेंद्र हुड्डा,सतबीर नागल, प्रीति, संदीप आदि शामिल रहे।

## आरपीएस विद्यालय में गर्ल्स हॉस्टल का उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

आरपीएस विद्यालय ने अपनी सुविधाओं में विस्तार करते हुए छात्राओं के लिए एक नवनिर्मित एसी गर्ल्स हॉस्टल का उद्घाटन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ गर्ल्स हॉस्टल में आयोजित भव्य हवन और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। उद्घाटन समारोह में आरपीएस प्रबंधन समिति की सेक्रेटरी बिमला देवी, एडवोकेट नरेन्द्र राव, चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव, सीईओ इंजीनियर मनीष राव, ज्वाइंट सेक्रेटरी प्रेम राव, डिप्टी सीईओ कुनाल राव व प्राचार्य डॉ. किशोर तिवारी प्रमुख रूप से मौजूद रहे। सेक्रेटरी बिमला देवी ने कहा कि एक शिक्षित बेटी न केवल परिवार, बल्कि पूरे समाज का भविष्य संवारती है।

उन्होंने बेटियों के आत्मनिर्भर बनने की आवश्यकता पर बल देते हुए इस आधुनिक छात्रावास को महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम बताया। ग्रुप चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव ने कहा कि उनका उद्देश्य बेटियों को केवल किताबी ज्ञान देना नहीं, बल्कि उन्हें एक ऐसा सुरक्षित और घर जैसा पोषणकारी वातावरण प्रदान करना है। ग्रुप के सीईओ इंजीनियर मनीष राव ने कहा कि इस हॉस्टल को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप तैयार किया गया है, ताकि छात्राओं को प्रतिस्पर्धा के इस युग में पढ़ाई के लिए सर्वोत्तम माहौल मिल सके। वहीं, डिप्टी सीईओ कुनाल राव ने स्पष्ट किया कि परिसर में तकनीक और सुरक्षा उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। प्राचार्य डॉ. किशोर तिवारी ने बताया कि यह नया भवन 'आराम और उत्कृष्टता' का अनूठा मिश्रण है। यह केवल रहने की जगह नहीं, बल्कि एक जीवंत समुदाय है, जहां भविष्य के नेताओं का पोषण होगा। यह पूरी तरह से वातानुकूलित विशाल और हवादार कमरे जो समकालीन इंटीरियर से सुसज्जित है। उन्होंने कहा कि डिजिटल अध्ययन क्षेत्र, एक सुसज्जित पुस्तकालय व हाई-स्पीड वाई-फाई की सुविधा, 24/7 सीसीटीवी निगरानी, आधुनिक सुरक्षा उपकरण, समर्पित वार्डन की तैनाती, अत्याधुनिक नवनिर्मित रसोईघर व स्वच्छ भोजनालय (हाइजीनिक डाइनिंग हॉल), जहां पौष्टिक और संतुलित भोजन परोसा जाएगा। मनोरंजन व खेल सुविधाएं भी इसी भवन के अंदर इंडोर व आउटडोर खेल मैदान और एक आधुनिक मनोरंजन लाउंज, अनुशासन के साथ-साथ यहां नियमित मार्गदर्शन सत्र, व्यक्तित्व विकास कार्यक्रम और स्वास्थ्य संबंधी गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इस मौके पर अकाउंट ऑफिसर देवेंद्र यादव, उप प्राचार्य दिनेश कुमार, डीन एलएन गौड़, विंग हेड देवेंद्र पुनिया, पवन तिवारी, जिले सिंह, अमित कुमार, साक्षी मलिक, अनीता अहलावत, राजकुमार, राजसिंह इंदौरा सहित समस्त स्टाफ सदस्य व विद्यार्थी उपस्थित रहे।



**महेंद्रगढ़।** हवन करते हुए। फोटो : हरिभूमि



## जॉन वेस्ले स्कूल में हुई अभिभावक उन्मुखीकरण और छात्रवृत्ति परीक्षा

■ कक्षा 1 से 11वीं तक के विद्यार्थियों ने दिया इम्तिहान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जॉन वेस्ले कॉन्वेंट में एडमिशन कम स्कॉलरशिप टेस्ट एवं एक महत्वपूर्ण अभिभावक उन्मुखीकरण सत्र का आयोजन किया गया। जिसका विषय था "अपने बच्चे की आवश्यकताओं को समझना"। इस अवसर पर विद्यालय की सम्मानित प्राचार्य , उप-प्राचार्य , शिक्षकगण एवं अभिभावकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रभावशाली मंच संचालन के साथ हुआ, जिसमें जॉन वेस्ले कॉन्वेंट को एक ऐसे शिक्षण संस्थान के रूप में प्रस्तुत किया गया। जहां शिक्षा केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान दिया जाता है। विद्यालय में बच्चों के बौद्धिक, नैतिक एवं रचनात्मक विकास के साथ-साथ उनमें आत्मविश्वास एवं अनुशासन का भी समुचित विकास किया जाता है। इस अवसर पर प्राचार्य महोदया डॉ ममता मलिक एवं उप-प्राचार्य मधुलिका ने अभिभावकों को संबोधित करते हुए बच्चों की भावनात्मक एवं मानसिक आवश्यकताओं को समझने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बच्चा अद्वितीय होता है और उसकी क्षमताओं को पहचानना तथा उसे सही दिशा देना अत्यंत आवश्यक है। बच्चों को केवल अंकों के आधार पर नहीं, बल्कि उनके व्यक्तित्व, संस्कार एवं आत्मविश्वास के आधार पर भी आंका जाना चाहिए। इसके साथ ही विद्यालय द्वारा कक्षा 1 से 11 तक के विद्यार्थियों के लिए छात्रवृत्ति परीक्षा का भी सफल आयोजन किया गया।

### मेंटल हेल्थ हेल्पलाइन शुरू, लोगों को मिलेगी विशेषज्ञ सलाह

**रोहतक।** उपायुक्त सचिन गुप्ता ने कहा है कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा नागरिकों के मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से स्थानीय नागरिक अस्पताल स्थित मनोरोग एवं नशा मुक्ति केंद्र में मेंटल हेल्थ हेल्पलाइन शुरू की गई है। इस हेल्पलाइन नंबर 8295474838 पर सोमवार से शनिवार तक सुबह 9 बजे से शाम 3 बजे तक संपर्क किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देना आज के समय की आवश्यकता बन गई है, क्योंकि स्वस्थ मन ही बेहतर जीवन की नींव रखता है। इसके साथ ही केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा संचालित 14416 टेली-मानस हेल्पलाइन भी 24 घंटे और सप्ताह के सातों दिन उपलब्ध है। डीसी ने कहा कि इस हेल्पलाइन के माध्यम से मनोचिकित्सकों और प्रशिक्षित काउंसलरों की टीम नागरिकों को तनाव, चिंता, अनिद्रा, अवसाद और अन्य मानसिक समस्याओं के समाधान हेतु उचित मार्गदर्शन व उपचार प्रदान करेगी।

## मंगल सेन मंडल प्रशिक्षण कार्यशाला में दिए संगठन को मजबूत करने के टिप्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

भारतीय जनता पार्टी द्वारा हिन्दू कॉलेज में 21 एवं 22 मार्च को डॉ मंगलसेन मंडल का दो दिवसीय मंडल कार्यशाला एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन मंडल अध्यक्ष अमित मग्गू की अध्यक्षता में किया, जिसमें मंगल सेन मंडल एवं बूथ स्तर के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने भाग लेते हुए संगठन को और अधिक सशक्त बनाने हेतु विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण प्राप्त किया। कार्यक्रम का शुभारंभ पंजीकरण, स्वागत से हुआ, जिसके पश्चात दीप प्रज्वलन एवं वंदे मातरम के माध्यम से किया गया। मंच संचालन मंडल महामंत्री मुकेश टक्कर ने किया। प्रथम दिवस के विभिन्न सत्रों में वक्ताओं ने संगठन के मूल स्वरूप, कार्यप्रणाली एवं विस्तार को लेकर व्यापक दृष्टिकोण प्रस्तुत किया, राजकमल सहगल ने कार्य पद्धति विषय पर संगठन की संरचना, कार्यशैली, अनुशासन, नियमित बैठकों की अनिवार्यता, प्रभावी संवाद, रिपोर्टिंग व्यवस्था एवं टीम वर्क के महत्व को समझाया। सुमिता भाटिया ने इतिहास व विकास विषय पर पार्टी की स्थापना से लेकर वर्तमान तक की गौरवशाली यात्रा को प्रस्तुत करते हुए कार्यकर्ताओं में गर्व एवं प्रेरणा का संचार किया।



**रोहतक।** मंडल कार्यशाला एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम में मौजूद पदाधिकारी व कार्यकर्ता।

### एसएनजन वेलफेयर एसोसिएशन ने लगाया निःशुल्क जांच शिविर

**रोहतक।** एस एन जन वेलफेयर एसोसिएशन एवं निजी अस्पताल के संयुक्त सहयोग से रविवार को श्री सनातन धर्म हनुमान मंदिर सुभाष नगर में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने भाग लेकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। यह जानकारी देते हुए वेलफेयर एसोसिएशन के प्रधान जतिन बत्रा ने बताया कि इस अवसर पर अनुभवी चिकित्सकों द्वारा हृदय रोग एवं हड्डी रोग से संबंधित विशेषज्ञ परामर्श प्रदान किया गया। शिविर के दौरान कुल 111 लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई, जिनमें ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर, ईसीजी एवं आवश्यकता अनुसार बीएमडी (बोन मिनरल डेंसिटी) जैसी महत्वपूर्ण जांचें शामिल रहीं।




**रोहतक।** डॉक्टरों की टीम के साथ एसोसिएशन के प्रधान जतिन बत्रा व अन्य।

**स्टार्टअप** क्षेत्रीय, राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मजबूत अंतर-संस्थागत साझेदारी

## सुपवा छात्रों को मुहैया करवाएगी नवाचार व उद्यमिता गतिविधियों के लिए प्लेटफार्म

संस्थानिक स्टार्टअप इनोवेशन और एंटरप्रेन्योरशिप के लिए विकसित होंगी प्रणालियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

दादा लख्मी चंद स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ परफॉर्मिंग एंड विजुअल आर्ट्स (डीएलसीसुपवा) ने संस्थानिक स्टार्टअप इनोवेशन व एंटरप्रेन्योरशिप को बढ़ावा देने का फैसला लिया है। इसके तहत क्षेत्रीय, राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मजबूत आंतरिक व अंतर संस्थागत साझेदारियां की जाएंगी। ताकि, सुपवा के छात्रों, संकाय व फैकेल्टी की नवाचारी और उद्यमिता क्षमता का और अधिक विकास किया जा सके। यह निर्णय यूनिवर्सिटी की एग्जीक्यूटिव काउंसिल (ईसी) की बैठक में लिया गया। डीएलसीसुपवा के कुलगुरु डॉ अमित आर्य ने बताया कि भारत सरकार देश के उच्च शिक्षा संस्थानों में नवाचार व उद्यमिता को बढ़ावा देने की दिशा में कार्य कर रही है। इसके मद्देनजर छात्र-चालित नवाचार व स्टार्टअप को बढ़ावा देने के उद्देश्य से छात्रों और संकाय को नवाचार व उद्यमिता गतिविधियों में शामिल करने के लिए सुपवा अपने स्तर पर प्लेटफॉर्म मुहैया कराएगी। इन्हें कोई दिक्कत न आए, इसलिए एक मजबूत नवाचार और स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र बनाया गया है। डॉ आर्य ने कहा कि संस्थानिक स्टार्टअप इनोवेशन व एंटरप्रेन्योरशिप पॉलिसी के तहत प्री-इंकेबेशन व इंक्यूबेशन समर्थन प्रणालियां, नवाचार व स्टार्टअप में शामिल संकाय व छात्रों के लिए प्रोत्साहन, संस्थानों व इंक्यूबेटेड स्टार्टअप के बीच आईपी स्वामित्व, राजस्व साझा करने व इक्विटी साझा करने की प्रणालियां विकसित की जाएंगी। यह छात्रों, संकाय व हितधारकों के बीच नवाचार का समर्थन करने और स्टार्टअप को पोषित करने के लिए एक सक्षम पारिस्थितिकी तंत्र साबित होगा।




### छात्रों के पाठ्यक्रम पर तैयार होंगी परियोजनाएं

डॉ. आर्य ने कहा कि सुपवा के छात्रों के पाठ्यक्रम के अनुसार ही नवाचार व उद्यमिता परियोजनाएं तैयार की जाएंगी, जिससे छात्रों में उद्यमिता कौशल व व्यावसायिक सूझबूझ विकसित करने में मदद मिल सके। इसमें छात्रों की रचनात्मक समस्या, समाधान क्षमता व उद्यमिता मानसिकता का उपयोग करने और इकोसिस्टम सक्षम करने वालों व विभिन्न हिस्सेदारों के साथ क्षेत्रीय, राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मजबूत करने की दिशा में काम किया जाएगा। डॉ आर्य ने कहा कि नवाचार और उद्यमिता पारिस्थितिकी तंत्र को बनाने, सुव्यवस्थित करने और मजबूत करने की दिशा में कार्य करेंगे। यह पॉलिसी उद्यमिता पारिस्थितिकी तंत्र छात्रों, संकाय व फैकेल्टी की नवाचारी व उद्यमिता क्षमता को पहचानने, मार्गदर्शन देने मेंमहत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, सोमवार 23 मार्च 2026

तापमान
अधिकतम 30.8 डिग्री
न्यूनतम 12.3 डिग्री

10 एथिक्स कमेटियों के मूल सिद्धांतों का पालन...

10 आज का समाज जल की शुद्धता के प्रति गंभीर नहीं...


## शहर में आज
- आंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर सुबह 10 बजे
- एमडीयू में शहीद भगत सिंह का श्रद्धांजलि कार्यक्रम सुबह 11 बजे
- सुनारियां में बाक्सिंग प्रतियोगिता सुबह 11 बजे
- पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा की प्रेसवार्ता 12.30 बजे।

## खबर संक्षेप

### युवक के बैंक खाते से 65 हजार का ऑनलाइन फ्रॉड
**महम।** महम थाना क्षेत्र के गांव सीसर खास में एक युवक के बैंक खाते से 65 हजार रुपये का ऑन लाइन फ्रॉड हो जाने की घटना सामने आई है। इस संबंध में पीड़ित ने महम थाने में शिकायत दी है। पुलिस को दी शिकायत में सीसर खास गांव निवासी दीपक पुत्र उमेद सिंह ने बताया कि वह खेतीबाड़ी का काम करता है। उसके फोन में एयरटेल कंपनी का एक सिम था। वह सिम गुम हो गया। उसी सिम का नंबर उसके बैंक खाते से जुड़ा हुआ है। खोए हुए सिम को निकलवाने की उसने कोशिश की। लेकिन छुट्टी होने वजह से सिम चार दिन बाद चालू हो पाई। उसने नया सिम लेकर अपने मोबाइल फोन में गुगल पे लोगिन किया तो उसके पता चला कि उसके खाते से अलग अलग ट्रांजेक्शन के जरिए उसके बैंक खाते से 65 हजार रुपए निकाल लिए गए हैं। किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसके साथ धोखाधड़ी करके यह रकम निकाली है। उसने इसकी शिकायत 1930 पर भी की है। पुलिस ने इस संबंध में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### रसोई गैस की बुकिंग में जल्दबाजी न करें उपभोक्ता
**रोहतक।** डीसी सचिन गुप्ता ने जिले के गैस उपभोक्ताओं से अपील करते हुए कहा है कि रसोई गैस बुकिंग को लेकर किसी प्रकार की अनावश्यक जल्दबाजी न करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिले में एलपीजी गैस सिलेंडरों की पर्याप्त उपलब्धता है और आपूर्ति व्यवस्था पूरी तरह सामान्य रूप से संचालित हो रही है। उपभोक्ता केवल गैस कंपनियों की आधिकारिक ऐप, वेबसाइट या टोल-फ्री नंबर के माध्यम से ही गैस बुकिंग करें। किसी भी प्रकार की अफवाह या गैस की कमी से जुड़ी भ्रामक सूचनाओं पर ध्यान न दें। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि कोई एजेंसी या व्यक्ति गैस सिलेंडर के लिए अधिक कीमत वसूलता है या जमाखोरी करता है, तो इसकी सूचना तुरंत प्रशासन को दें।

## आवारा कुत्तों के बाद अब पालतू भी बने खतरा, प्रशासन मौन

# 'पेट से थ्रेट' बने कुत्ते दो भाइयों पर हमला, 13 साल के मासूम की हालत बिगड़ी

» बसंत विहार कॉलोनी में घटना, ज्यादातर लोगों ने नहीं करवा रखा पालतू कुत्तों का पंजीकरण

» वैक्सीनेशन का भी रिकॉर्ड नहीं, सड़क पर आते-जाते बच्चे जान बचा कर भागते हैं, लोगों में रोष

» कुत्ते पिट बुल या पाकिस्तानी बुली जैसी किसी नस्ल के हो सकते हैं पुलिस बोली-दर्ज होगा मामला

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

रोहतक के बसंत विहार कॉलोनी में पालतू कुत्तों के आतंक ने एक बार फिर लोगों को दहशत में डाल दिया है। ताजा घटना में रविवार की सुबह दो कुत्तों ने दो भाइयों पर हमला कर दिया, जिसमें 13 वर्षीय दिपांशु गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया जा रहा है कि एक कुत्ते ने दिपांशु की छाती को कई मिनट तक पकड़े रखा, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। आसपास के लोगों ने बड़ी मुश्किल से लाठी डंडों के सहारे कुत्तों को भगाकर दोनों भाइयों को बचाया और तुरंत अस्पताल पहुंचाया। मामले की जानकारी मिलने के बाद सुखपुरा चौकी की पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल की। घटना के बाद परिवार और अन्य कॉलोनी निवासियों में भय का माहौल बना हुआ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह पहली घटना नहीं है, इससे पहले भी कुत्ते कई लोगों को काट चुके हैं।

लोगों का आरोप है कि कुत्तों को खुले में छोड़ दिया जाता है, जिससे बच्चों और बुजुर्गों की जान खतरे में पड़ रही है। घटना के समय सुबह करीब दस बजे बसंत विहार कॉलोनी निवासी सुनील का बेटा दिपांशु अपने छोटे भाई के साथ किसी काम से घर से बाहर निकला था।


रोहतक। घायल बच्चा दिपांशु। फोटो : हरिभूमि

### छोटा भाई ने भागकर बचाई जान
लाढ़ौत रोड की तरफ जाते हुए रास्ते में अचानक दो भारी भरकम कुत्ते उन पर टूट पड़े। छोटे भाई ने किसी तरह भागकर अपनी जान बचाई, लेकिन दिपांशु कुत्तों के हमले का शिकार हो गया। कुत्ते ने दिपांशु की छाती के पास काट लिया। मौके पर मौजूद लोगों ने शोर मचाकर और डंडों की मदद से कुत्तों को भगाया, जिसके बाद घायल बच्चे को अस्पताल में भर्ती कराया गया। बच्चे का उपचार शुरू हो गया है। हालांकि घटना से बच्चा और परिवार डरा सहमा हुआ है।

### बच्चों में खौफ, सड़क पर निकलने से डर रहे
कॉलोनी के निवासियों का कहना है कि स्कूल जाने वाले बच्चे और दुकानों पर आने-जाने वाले लोग रोजाना इन कुत्तों के डर में रहते हैं। कई बार बच्चे जान बचाने के लिए भागते नजर आते हैं। अभिभावकों में भी चिंता है, क्योंकि कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। लोगों का कहना है कि काटने वाले कुत्ते पिट बुल या पाकिस्तानी बुली जैसी किसी नस्ल के हो सकते हैं। बच्चे के परिवार ने भी कुत्तों के मालिकों पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।

### कार्रवाई करे नगर निगम
स्थानीय लोगों ने नगर निगम से मांग की है कि इन कुत्तों को तुरंत पकड़कर सुरक्षित स्थान पर ले जाया जाए। उनका कहना है कि अगर समय रहते कार्रवाई नहीं की गई तो हालात और भी गंभीर हो सकते हैं। लोगों ने यह भी आरोप लगाया कि कुछ लोग अपने पालतू कुत्तों को भी खुले में छोड़ देते हैं, जिससे समस्या और बढ़ जाती है।

### लापरवाही पर कार्रवाई से बचना संभव नहीं
पुलिस प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए कहा है कि घटना के संबंध में एफआईआर दर्ज की जाएगी। अधिकारियों का कहना है कि अगर कोई व्यक्ति अपने पालतू कुत्ते को खुले में छोड़ता है या उसके कारण किसी को नुकसान पहुंचता है, तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। यहां तक कि लाइसेंस होने के बावजूद भी लापरवाही बरतने पर कार्रवाई से नहीं बचा जा सकेगा।

### पहले भी हो चुके शिकार
गौरतलब है कि रोहतक में इससे पहले भी कई इलाकों में कुत्तों के हमले की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। सुनारियां, दुर्गा कॉलोनी, सेक्टर एक सहित कई जगह ऐसी घटनाएं सामने आ चुकी है। बावजूद इसके, समस्या का स्थायी समाधान नहीं निकल पाया है। अब इस ताजा घटना के बाद एक बार फिर प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल उठने लगे हैं। लोगों का कहना है कि अगर समय रहते प्रभावी कदम उठाए जाते, तो इस तरह की घटनाओं को रोका जा सकता था। लगातार बढ़ रही इन घटनाओं ने न केवल आमजन की सुरक्षा पर चिंता बढ़ा दी है, बल्कि बच्चों और बुजुर्गों के लिए खतरा और भी गंभीर बना दिया है।

## महम के पास दर्दनाक हादसा

# एनएच-9 पर हिट एंड रन बाइक सवार युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ महम

दिल्ली हिसार एनएच-9 पर महम के पास हुए एक सड़क हादसे में भैणी सुरजन गांव के 22 वर्षीय युवक की मौत हो गई। इस संबंध में मृतक के पिता ने महम थाने में शिकायत दी है। शिकायत में भैणी सुरजन गांव निवासी रमेश कुमार पुत्र प्रताप सिंह ने बताया कि उसके दो पुत्र हैं। बड़े बेटे का नाम अंकुश व छोटे बेटे का नाम निंकू सिवाच है। छोटा बेटा निंकू पढाई करता था। कल वह दोस्त की बुलेट बाइक लेकर रोहतक गया था। दोपहर बाद शाम को चार बजे वह बाइक पर वापस गांव लौट रहा था। महम से पहले राष्ट्रीय राजमार्ग 9 पर हनुमान मंदिर के पास किसी वाहन ने मोटर साइकिल में पीछे से टक्कर मार दी। इस हादसे में उसके सिर व अन्य जगह पर गंभीर चोटें आई। राहगिरों ने बेटे को गंभीर हालत में उपचार के लिए रोहतक ले जाया गया। अस्पताल पहुंचने से पहले ही रास्ते में उसके बेटे की मौत हो गई थी। पुलिस ने मृतक युवक के पिता की शिकायत पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# सोशल मीडिया पर रिटायर्ड प्रिंसिपल से 10 लाख ठगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

सोशल मीडिया पर सरकारी स्कीम के नाम पर वीडियो दिखाकर एक रिटायर्ड प्रिंसिपल से 10 लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर साइबर क्राइम थाने में केस दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पीड़ित ने बताया कि वह प्रिंसिपल पद से सेवानिवृत्त है। कुछ दिन पहले उसने फेसबुक पर एक वीडियो देखी, जिसमें एक कथित सरकारी स्कीम के जरिए निवेश कर मुनाफा कमाने का दावा किया गया था। वीडियो में दिए गए लिंक पर क्लिक करने के बाद उसे एक व्यक्ति का फोन आया, जिसने रजिस्ट्रेशन के नाम पर 20,622 रुपये जमा करवाए। इसके बाद आरोपी ने फोन कर पीड़ित से उसका पैन कार्ड मांगा। दस्तावेज देने के बाद आरोपी के निर्देश पर उसने ऑनलाइन ट्रेडिंग शुरू की। शुरुआत में उसे खाते में मुनाफा और बोनस दिखाया गया, जिससे उसका भरोसा बढ़ गया। इसी दौरान उसने 5 लाख रुपये आरटीजीएस के जरिए आरोपी द्वारा बताए गए खाते में जमा करा दिए। कुछ दिन बाद प्रियांस मेहता नाम के एक व्यक्ति ने खुद को फाइनेंस मैनेजर बताते हुए संपर्क किया। उसने कहा कि पीड़ित का ट्रेडिंग अकाउंट नुकसान में चल रहा है और उसे बचाने के लिए और पैसे निवेश करने होंगे। झांसे में आकर पीड़ित ने 5 लाख 8 हजार रुपये और ट्रांसफर कर दिए। जब पीड़ित ने अपने पैसे निकालने की कोशिश की तो ट्रांजेक्शन नहीं हो सका। इसके बाद साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज करवाई।

# 400 स्कूलों की एसएमसी को 9 लाख से देंगे ट्रेनिंग

- जिले के प्राथमिक व माध्यमिक विद्यालयों को 2,250 रुपये प्रति विद्यालय की राशि आवंटित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

हरियाणा विद्यालय शिक्षा परियोजना परिषद की ओर से स्कूल प्रबंधन समिति (एसएमसी) प्रशिक्षण के संबंध में जिले के 400 विद्यालयों के लिए 9 लाख रुपये की मंजूरी दी है। समग्र शिक्षा के तहत जिले के प्राथमिक व माध्यमिक विद्यालयों को 2,250 रुपये प्रति विद्यालय की राशि आवंटित की है। जिला परियोजना समन्वयक ने सुमन हुड्डा ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 की दूसरी, तीसरी व चौथी तिमाही में राज्य के 10874 प्राथमिक विद्यालयों, 3145 माध्यमिक विद्यालयों व 250 पीएम श्री विद्यालयों में एसएमसी (विद्यालय प्रबंधन समितियां) प्रशिक्षण के संबंध में प्रशासनिक स्वीकृति और वित्तीय मंजूरी दी गई है। उन्होंने बताया कि जिले के 243 प्राथमिक विद्यालयों के लिए 5,46,750 व 157 माध्यमिक विद्यालयों के लिए 3,53,250 की राशि जारी की है। उन्होंने बताया कि राज्य परियोजना निदेशक की ओर से समग्र योजना के अंतर्गत दूसरी, तीसरी और चौथी तिमाही के एसएमसी-एसएमडीसी प्रशिक्षण के संचालन के लिए प्राथमिक विद्यालयों के लिए 2250 रुपये प्रति विद्यालय व माध्यमिक विद्यालयों के लिए 2250 रुपये प्रति विद्यालय के बजट का उपयोग करने के लिए प्रशासनिक और वित्तीय मंजूरी मिली है। विद्यालय स्तर पर उपयोग के लिए 750 रुपये प्रति विद्यालय प्रति तिमाही के बजट को निर्धारित किया है।

# सांपला में अजायब व शामली के युवक हथियार समेत काबू

- रोहतक स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट ने अलग-अलग स्थानों पर की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सांपला

रोहतक स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट ने क्षेत्र में दो अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई करते हुए दो युवकों को अवैध हथियार सहित काबू किया है। दोनों मामलों में थाना सांपला में आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि आईटीआई फ्लाईओवर के नीचे एक युवक संदिग्ध अवस्था में खड़ा है और उसके पास अवैध हथियार है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस को देखकर युवक वहां से भागने का प्रयास करने लगा, लेकिन टीम ने उसे घेराबंदी कर पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपनी पहचान प्रिंस मलिक निवासी जिला शामली (उत्तर प्रदेश) के रूप में बताई। तलाशी के दौरान उसकी जेब से एक देसी कट्टा और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ।

### हथियार के वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर पाया
एक अन्य कार्रवाई में पुलिस टीम गश्त के दौरान सांपला बाईपास क्षेत्र में मौजूद थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि झज्जर-सोनीपत रोड पर बाईपास पुल के नीचे एक युवक अवैध हथियार के साथ खड़ा है। पुलिस ने तुरंत दबिश दी। पुलिस को देखते ही युवक भागने लगा, लेकिन टीम ने उसे काबू कर लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम मोहित उर्फ हन्नी निवासी गांव अजायब, जिला रोहतक बताया। तलाशी में उसके कब्जे से एक देशी पिस्तौल और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ।

» सरकार ने शुक्रवार को मांगी जानकारी, रविवार को भेजी रिपोर्ट

# अफसरों का 48 घंटे में आकलन बारिश से फसलों को नुकसान नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

जिले में पिछले दिनों हुई बेमौसमी बारिश को लेकर प्रशासन ने अपनी रिपोर्ट सरकार को भेज दी है, जिसमें स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया है कि फसलों में किसी प्रकार का नुकसान नहीं हुआ है। यह रिपोर्ट तहसील स्तर पर किए गए विस्तृत आकलन के आधार पर तैयार की गई है। गत शुक्रवार को सरकार ने सभी जिलों से फसलों में बारिश से हुए नुकसान की स्थिति की रिपोर्ट मांगी थी। इसके तहत जिला प्रशासन ने राजस्व विभाग के माध्यम से रोहतक जिले की सभी तहसीलों महम, सांपला, कलानौर और रोहतक के साथ-साथ लाखनमाजरा सब-तहसील से भी विस्तृत जानकारी एकत्रित की। संबंधित अधिकारियों ने खेतों का निरीक्षण कर स्थिति का जायजा लिया और उसके बाद यह रिपोर्ट तैयार की गई।



### गेहूं व सरसों की फसल पकाव की स्थिति में
प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि हालांकि जिले में कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई थी, लेकिन इसका असर फसलों पर नगण्य रहा। गेहूं और सरसों की फसल इस समय पकाव की स्थिति में है और मौसम की इस हल्की बारिश ने फसल को किसी प्रकार का नुकसान नहीं पहुंचाया।

### फसल बीमा करवाने वाले को निर्देश जारी
बेमौसमी बारिश के मद्देनजर प्रशासन ने फसल बीमा करवाने वाले किसानों के लिए अहम निर्देश जारी किए हैं। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि जिन किसानों ने अपनी फसल का बीमा कराया हुआ है, वे बारिश रुकने के 72 घंटे के भीतर फसल नुकसान की सूचना अवश्य दें।

MANSAROVER HOSPITAL
MULTI SUPER SPECIALITY HOSPITAL
NEAR PNB BANK, OPP. VIKAS NAGAR, SONIPAT ROAD, ROHTAK, HARYANA
RECEPTION: 01262-253500, 9053005599, 9254302848
Latest MRI & Multi Slice CT SCAN
- Neuro Surgery
- General Medicine
- General Surgery
- Orthopedics
- ब्रेन, रीढ़ की हडिड्यों का ईलाज
- दूरबीन द्वारा सभी बिमारियों के ऑपरेशन
- पेट, छाती से सम्बंधित सभी बिमारियों का ईलाज

फौजी भाईयों का इलाज ECHS
• हरियाणा सरकार
• आयुष्मान भारत
• ESIC
के पैनल पर
DR. BALKISHAN GOEL
M.B.B.S, M.S, M.CH.
TRAUMA CENTRE, ICU & CRITICAL CARE
NEURO-ICU, GENERAL ICU, HOU (HIGH DEPENDANCY UNIT) जहर POISIONING CASE
24 HRS LAB/CAFE/PHARACY/AMBULANCE

# एशियन चैंपियनशिप में प्रतिनिधित्व करेंगे सुजीत व अभिमन्यु

*(रोहित डागर) रोहतक। एशियन कुश्ती चैंपियनशिप में हिसार जिले के अभिमन्यु और चरखी दादरी जिले के सुजीत का चयन हुआ है। यह प्रतियोगिता 6 से 12 अप्रैल तक किर्गिस्तान में आयोजित की जाएगी। दोनों खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में देश का प्रतिनिधित्व करेंगे। दोनों खिलाड़ियों ने अभी हाल में लखनऊ में हुई सीनियर नेशनल कुश्ती प्रतियोगिता में पहला स्थान हासिल किया था। इसी के आधार पर खिलाड़ियों का चयन एशियन प्रतियोगिता में हुआ है।*

## पहलवान अभिमन्यु ने चोटों के जाल को तोड़कर किया नाम रोशन

खेल जगत में अक्सर हम चमकते हुए पदकों को देखते हैं, लेकिन उन पदकों के पीछे छिपे दर्द और पसीने की कहानी कम ही सामने आती है। हिसार जिले के रहने वाले पहलवान अभिमन्यु का जीवन संघर्ष, जज्बे और कभी न खत्म होने वाले आत्मविश्वास की एक जीवंत मिसाल है। वर्ष 2012 में कुश्ती की शुरुआत करने वाले अभिमन्यु ने बार-बार लगती चोटों और आर्थिक परेशानी अभिमन्यु को कुश्ती विरासत में मिली है। उनके दादा कंवर सिंह और पिता महेंद्र सिंह दोनों ने ही अखाड़े में पसीना बहाया है। उनके पिता ने स्टेट स्तर तक कुश्ती खेली, लेकिन परिवार की कमजोर आर्थिक स्थिति ने अभिमन्यु के लिए इस सफर को बेहद चुनौतीपूर्ण बना दिया। अभिमन्यु का खेल करियर किसी फिल्म की तरह उतार-चढ़ाव भरा रहा है। उनकी सबसे बड़ी बाधा प्रतिद्वंद्वी नहीं, बल्कि बार-बार लगती चोटें बनीं। वर्ष 2016 पहली बार कमर में गंभीर चोट लगी, जिसके कारण उन्हें डेढ़ साल तक कुश्ती से दूर रहना पड़ा। 2018 खेलो इंडिया जैसी प्रतिष्ठित स्पर्धाओं में प्रतिभा दिखाने के बाद कंधे की चोट ने उन्हें फिर से घेरे में ले लिया। 2024 में 'एंकल' (टखने) की चोट ने एक बार फिर उन्हें प्रतियोगिताओं से बाहर कर दिया।



### अभिमन्यु की उपलब्धियां
2012 में स्कूली नेशनल प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता। 2023 में एशियन चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता। 2024 में सीनियर एशियन प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीता। 2024 में अंडर-23 एशियन प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता। 2024 और 2025 में सीनियर नेशनल प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता।

## संघर्षों से सफलता का दांवः चोट के बाद मैट पर इमलोटा के सुजीत कलकल की सुपर वापसी

चरखी दादरी के एक छोटे से गांव इमलोटा से निकलकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चमक बिखेरने वाले पहलवान सुजीत कलकल आज युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बन चुके हैं। मिट्टी के अखाड़ों में पसीना बहाकर अंतरराष्ट्रीय मैट तक पहुंचने का सुजीत का सफर जितना रोमांचक है, उतना ही चुनौतीपूर्ण भी। सुजीत के रगों में कुश्ती का जुनून विरासत से मिला है। उन्होंने 2008 में पिता दयानंद कलकल से प्रेरित होकर कुश्ती की दुनिया में कदम रखा था। दयानंद स्वयं सेना में रहे हैं और अंतरराष्ट्रीय स्तर के पहलवान रह चुके हैं। पिता के मार्गदर्शन और मां मंजीत देवी (गृहिणी) के अटूट सहयोग ने सुजीत को हर मुश्किल से लड़ना सिखाया। शुरुआती वर्षों में गांव की मिट्टी में कुश्ती के दांव-पेंच सीखने के बाद, सुजीत ने पेशेवर प्रशिक्षण के लिए साल 2021 में सोनीपत का रुख किया। यहां उन्हें कोच कुलदीप का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ, जिन्होंने सुजीत की प्रतिभा को निखारने में अहम भूमिका निभाई। कोच की देखरेख में सुजीत के करियर में पदकों का सिलसिला शुरू हुआ। एशियन चैंपियनशिप के लिए चयन होने के बाद सुजीत एक गंभीर चोट (एंकर ट्विस्ट) का शिकार हो गए। इस चोट ने उन्हें तीन महीने तक मैट से दूर रखा, जिसके कारण वे एशियन चैंपियनशिप में भाग लेने का सुनहरा अवसर चूक गए।



### सुजीत की उपलब्धियां
साल 2021 में जूनियर नेशनल में सिल्वर मेडल जीता। 2022 में जूनियर और सीनियर नेशनल दोनों में गोल्ड मेडल हासिल किया। 2022 के बाद अब तक हर साल सीनियर नेशनल में लगातार गोल्ड जीते। 2022 में अंडर-23 एशिया में गोल्ड, अंडर-20 एशिया में गोल्ड और अंडर-20 वर्ल्ड चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता।

**खबर संक्षेप**



रोहतक। कार्यक्रम को सम्बोधित करते मुख्य अतिथि कवि डॉ. जोगिंदर मोर।

## काव्य प्रतियोगिता में सोनिया रही प्रथम

**रोहतक।** विश्व कविता दिवस के अवसर पर महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग के काव्य क्लब द्वारा काव्य प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में अर्थशास्त्र विभाग की सोनिया ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान भी अर्थशास्त्र विभाग की वृंदा को मिला, जबकि तृतीय स्थान अंग्रेजी विभाग की वंशिका ने हासिल किया। अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. जगदीप कुमार ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्हें सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। प्रसिद्ध कवि डॉ. जोगिंदर मोर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। प्रतियोगिता के परिणाम संस्कृत विभागाध्यक्ष डॉ. श्री भगवान एवं एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. कोमल द्वारा तैयार किए गए।

## पेयजल व सीवर लाइन बिछाने की मांग

**महम।** रोहतक रोड पर वेयर हाउस गोदाम के पास स्थित कॉलोनी में गलियां कच्ची पड़ी हैं। गलियों में सीवरेज व पेयजल पाइप लाइन नहीं बिछाई गई हैं। वेयर हाउस कॉलोनी में बसने वाले लोग सरकार द्वारा जनता को दी जाने वाली मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। कॉलोनीवासी नवदीप, साधुराम, सुभाषचंद्र, विरेंद्र सिंह, गोविंद, सचिन, उषा, कमलेश, कुलदीप सिंह, खेमचंद व मंदीप ने बताया कि कॉलोनी की गलियों को पक्का करवाने, पीने के पानी की सुविधा के लिए पेयजल पाइप लाइन बिछाने और गंदे पानी की निकासी के लिए सीवरेज लाइन बिछाने की मांग की है। मूलभूत सुविधाएं मुहैया करवाने की मांग को लेकर वे नगर पालिका महम के सचिव नवीन नांदल, महम के एसडीएम व जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के पास गुहार लगा चुके हैं। लेकिन उनकी समस्या का समाधान नहीं हो सका है। कॉलोनी के लोगों ने जिला उपायुक्त सचिन गुप्ता से कॉलोनी में गलियों को पक्का करने, पीने के पानी की पाइप लाइन और सीवरेज लाइन बिछाए जाने की मांग की है।

### बार-बार चालान काटने के बाद भी संचालक जगह बदलने को तैयार नहीं

# डेयरियों को कन्हेली कॉम्प्लेक्स में शिफ्ट करने की योजना फेल

*गोबर सीवरों में जाने से हालात बदतर, तंग गलियों में सफाई तक मुश्किल*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

नगर निगम की सख्ती के बावजूद शहर में अवैध रूप से चल रही डेयरियों को कन्हेली डेयरी कॉम्प्लेक्स में शिफ्ट कराने की योजना फिलहाल फेल होती नजर आ रही है। निगम द्वारा बार-बार चेतावनी और चालान काटने के बाद भी अधिकांश डेयरी संचालकों ने कॉम्प्लेक्स में शिफ्ट होने से साफ इनकार कर दिया है। इसका खामियाजा अब शहरवासियों को भुगतना पड़ रहा है, जहां डेयरियों से निकलने वाला गोबर और गंदगी सीधे सीवरों में जा रही है, जिससे सीवर बार-बार जाम हो रहे हैं। शहर के दुर्गा भवन मंदिर के पीछे स्थित इलाके में हालात सबसे ज्यादा खराब हैं। यहां डेयरियां आबादी के बीच ही संचालित हो रही हैं और गलियां इतनी संकरी हैं कि सीवर जाम होने के बाद सफाई के लिए सुपर सक्कर मशीन तक नहीं पहुंच पाती। नतीजतन, गंदा पानी और बदबूदार कीचड़ कई दिनों तक जमा रहता है, जिससे स्थानीय लोगों का जीना दूभर हो गया है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि सीवर जाम होने से घरों के बाहर गंदा पानी भर जाता है, जिससे न केवल आवाजाही में परेशानी होती है, बल्कि बीमारी फैलने का खतरा भी बना रहता है। बच्चों और बुजुर्गों के लिए स्थिति और भी गंभीर हो जाती है। लोगों का आरोप है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया जा रहा। नगर निगम ने समस्या को गंभीरता से लेते हुए डेयरी संचालकों पर कार्रवाई भी की है। कई संचालकों के चालान काटे जा चुके हैं और उन्हें जल्द कन्हेली डेयरी कॉम्प्लेक्स में शिफ्ट होने के निर्देश दिए गए हैं। बावजूद इसके, डेयरी संचालकों पर इसका कोई खास असर नहीं पड़ा है।



### निगम कॉम्प्लेक्स में सभी सुविधाएं उपलब्ध करवाएं

*डेयरी संचालकों का यह भी कहना है कि जब तक कॉम्प्लेक्स में सभी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध नहीं करवाई जातीं, तब तक वहां शिफ्ट होना उनके लिए घाटे का सौदा साबित होगा। इस पूरे मामले में नगर निगम और डेयरी संचालकों के बीच खींचतान जारी है, जिसका खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। शहर में स्वच्छता व्यवस्था प्रभावित हो रही है और सीवर जाम की समस्या लगातार गंभीर होती जा रही है।*

### बुनियादी सुविधाओं की कन्हेली में अभी कमी

दूसरी ओर, डेयरी संचालकों का कहना है कि कन्हेली डेयरी कॉम्प्लेक्स में अभी बुनियादी सुविधाओं की भारी कमी है। उनका आरोप है कि वहां न तो पक्की सड़कें हैं और न ही पानी व सफाई की उचित व्यवस्था। खासकर बरसात के मौसम में कच्ची गलियों के कारण हालात और भी खराब हो जाते हैं, जिससे पशुओं को रखना और दूध का व्यवसाय करना बेहद मुश्किल हो जाता है।

### जल्द शुरू होगा विकास कार्य



*वहां के कार्य के लिए वर्क आर्डर जारी हो रखा है, कुछ काम वहां पर करवाए भी गए है। अभी जल्द ही वहां पर विकास कार्य शुरू होगा। जहां पर जो भी खामियां है सभी को दूर किया जाएगा। आमजन को सुविधाओं के लिए परेशान नहीं होने दिया जाएगा।*

*-नमिता कुमारी, संयुक्त आयुक्त, नगर निगम*



रोहतक। कार्यक्रम का दीप जलाकर शुभारंभ करते मुख्य वक्ता चितकारा विश्वविद्यालय के प्रो. वाइस चांसलर, प्रो. अमित मित्तल व अन्य। फोटो : हरिभूमि

## एमडीयू में उद्यमिता समय की आवश्यकता विषय पर सेमिनार

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के करियर काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल तथा सेंटर फॉर मेडिकल बायोटेक्नोलॉजी के संयुक्त तत्वावधान में उद्यमिता समय की आवश्यकता विषय पर एक प्रेरणादायक सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता चितकारा विश्वविद्यालय के प्रो-वाइस चांसलर प्रो. अमित मित्तल ने अपने संबोधन में नवोन्मेषी स्टार्टअप विचारों के महत्व, उनके प्रभावी क्रियान्वयन की व्यावहारिक रणनीतियों तथा भारत में उद्यमिता के उज्ज्वल भविष्य पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को रचनात्मक सोच विकसित करने, सोच-समझकर जोखिम उठाने तथा उद्यमिता के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में करियर काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल की निदेशक डॉ. दिव्या मल्हान तथा सेमिनार के आयोजन सचिव डॉ. हरि मोहन ने मुख्य वक्ता का आभार व्यक्त किया। इस दौरान डॉ. अमिता, डॉ. रश्मि भारद्वाज, डॉ. अनिल कुमार, यूआईईटी टीपीओ अरुण हुड्डा, शोधार्थी और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# तीन मार्केट के दुकानदारों ने सर्वसम्मति से कुलदीप मलिक को बनाया प्रधान

*मार्केट क्षेत्र में लंबे समय से बनी हुई हैं मूलभूत समस्याएं*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

वार्ड नंबर 20 और 21 स्थित ओल्ड हाउसिंग बोर्ड मार्केट, कन्हेली रोड मार्केट और एकता कॉलोनी मार्केट के दुकानदारों ने सर्वसम्मति से कुलदीप मलिक को तीनों मार्केटों का प्रधान चुना। इस निर्णय से दुकानदारों में उत्साह का माहौल देखने को मिला। नवनिर्वाचित प्रधान कुलदीप मलिक ने बताया कि मार्केट क्षेत्र में कई मूलभूत समस्याएं लंबे समय से बनी हुई हैं। उन्होंने विशेष रूप से बिजली के खंभों पर फैले तारों के जाल, मार्केट में सार्वजनिक शौचालय की कमी और टूटी हुई सड़कों को प्रमुख समस्या बताया। उन्होंने कहा कि इन सभी समस्याओं का समाधान करवाना उनकी प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने दुकानदारों द्वारा जताए गए विश्वास के लिए सभी का आभार व्यक्त किया और आश्वासन दिया कि वे समय-समय पर सभी के कार्यों के लिए तत्पर रहेंगे। मार्केट के समग्र विकास के लिए प्रयास करेंगे।



रोहतक। नवनिर्वाचित प्रधान कुलदीप मलिक का स्वागत करते दुकानदार।

### ये रहे मौजूद

*इस मौके पर पार्षद बिजेंद्र बैरागी, जितेंद्र अहलावत उर्फ राजू (पूर्व प्रधान), रामनिवास लाकड़ा, संजय हुड्डा, बिट्टू, बलजीत हुड्डा (पूर्व प्रधान), टोनी करियाना, प्रमोद, सतीश खोखर, प्रवीण कन्हेली, दिनेश रिवासा, संजय पंजाबी, रमेश चौधरी, लक्की नाई, तरुण (दो भाई आटा चक्की), रणबीर ढाका, लाला, मनोज, राजेंद्र पावड़िया, सुरेश ठेकेदार, डॉ. शेर सिंह, बलराज जांगड़ा, विजेंद्र फौजी, पुलकित, आशु करियाना, सुभाष सोनी, भूपेंद्र पावड़िया, जसवंत अंबेडकर जोनी विडलान,पम्मी सहित सभी दुकानदार उपस्थित रहे।*



रोहतक। कार्यक्रम को सम्बोधित करते मुख्य वक्ता। फोटो : हरिभूमि

## जल के पारिस्थितिकी एवं मानव जीवन में महत्व पर प्रकाश डाला

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के पर्यावरण विज्ञान विभाग ने पर्यावरण संरक्षण गतिविधि के सहयोग से ईको-क्लब के अंतर्गत विश्व जल दिवस के उपलक्ष्य में जागरूकता कार्यक्रम एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। विभागाध्यक्ष प्रो. मीनाक्षी नांदल ने अपने संबोधन में जल संसाधनों के संरक्षण की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि सीमित जल उपलब्धता को देखते हुए सामूहिक प्रयास समय की मांग हैं। वर्ष 2026 की थीम जल और लैंगिक समानता पर भी विशेष चर्चा की गई। उद्घाटन सत्र में पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ की प्रो. सुमन मोर ने जल के पारिस्थितिकी एवं मानव जीवन में महत्व पर प्रकाश डाला तथा व्यक्तिगत स्तर पर संरक्षण के प्रयासों को आवश्यक बताया। वहीं पोस्ट ग्रेजुएट गवर्नमेंट गर्ल्स कॉलेज, चंडीगढ़ की डॉ. सुनीता ने कहा कि जल संरक्षण के छोटे-छोटे कदम भविष्य की जल सुरक्षा सुनिश्चित कर सकते हैं। इस अवसर पर क्विज एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिताएं आयोजित हुईं। क्विज में अनिरुद्ध, निशा और आकांक्षा प्रथम तथा गौरव, सचिन व प्रदीप द्वितीय रहे। पोस्टर प्रतियोगिता में सुजीता-रोहित प्रथम, कुशम-आशी द्वितीय तथा ऋतु-सपना व संगीता-रीना संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रहे।

## कुलताना के प्रतिभावान युवाओं को 'ग्राम गौरव' सम्मान, उज्ज्वल भविष्य की कामना

**सांपला।** कुलताना गांव में भगवान परशुराम सर्व समाज दल की ओर से एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें गांव के प्रतिभाशाली युवाओं को 'ग्राम गौरव' सम्मान से नवाजा गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जितेंद्र कुलताना ने की और उपस्थित सभी अतिथियों का परिचय करवाया। समारोह में विभिन्न प्रतिष्ठित पदों पर चयनित युवाओं को सम्मानित किया गया। इनमें मधु सैनी (असिस्टेंट प्रोफेसर), मोहित डागर (असिस्टेंट डायरेक्टर), समीक्षा डबास (असिस्टेंट प्रोफेसर), साहिल सैनी (असिस्टेंट प्रोफेसर) और वर्षा कौशिक (जूनियर इंजीनियर) शामिल रहे। इन सभी युवाओं को उनकी मेहनत और उपलब्धियों के लिए सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि गांव के युवाओं की यह सफलता पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणा है। उन्होंने शिक्षा और कड़ी मेहनत को सफलता की कुंजी बताते हुए अन्य युवाओं को भी आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। मौके पर 17 ब्राह्मण डिघल खाप के प्रधान हेमचंद्र कौशिकमदाना, जांगड़ा खाप के प्रधान रूप बसंत जांगड़ा, रामफल शर्मा, रमेश वसिष्ठ, संजय शर्मा, आजाद, नरेश डिघल, सुंदर सेरिया,6 गामा ब्राह्मण खाप के प्रधान शिव कुमार कौशिक, अशोक, बालकिशन पहलवान और भैंसरु कला सरपंच ऋषि राम के साथ कुलताना के गणमान्य भी मौजूद रहे।

## आज का समाज जल की शुद्धता के प्रति गंभीर नहीं : रामनिवास



**रोहतक।** दिल्ली बाईपास स्थित नहरी पुलों के पास सुनो नहरों की पुकार मिशन द्वारा विश्व जल दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में जे एल एन फीडर डिविजन नहरी विभाग के कार्यकारी अभियंता रामनिवास तथा हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय से सेवानिवृत्त कृषि वैज्ञानिक डॉ. धर्मसिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। रामनिवास ने कहा कि आज का समाज जल की शुद्धता के प्रति गंभीर नहीं है, जिसके कारण नदियां और नहरें प्रदूषित होकर नालों का रूप लेती जा रही हैं। डॉ. धर्मसिंह ने मिशन के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि सदस्यों का जल संरक्षण के प्रति आत्मिक जुड़ाव प्रेरणादायक है। मिशन के संस्थापक एवं मुख्य संरक्षक डॉ. जसमेर सिंह ने विश्व जल दिवस की इस वर्ष की थीम जल और लैंगिक समानता पर प्रकाश डालते हुए सभी वर्गों की सहभागिता को आवश्यक बताया। इस अवसर पर ईश्वर सिंह दलाल, राजबीर, डॉ. रविंद्र नांदल, साहब सिंह धामड, अजय हुड्डा, निर्मल पन्नू, रणबीर मलिक, सुरेश मलिक व अशोक मौजूद रहे।

### सीट डिक्लेरेशन पोर्टल पर करना होगा अपलोड

# निजी स्कूल 29 तक पूरी करें मान्यता प्रमाणपत्रों की जांच

*विभाग ने चेताया, किसी प्रकार की लापरवाही या देरी स्वीकार नहीं होगी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

निजी स्कूलों द्वारा सीट डिक्लेरेशन पोर्टल पर अपलोड किए गए मान्यता प्रमाणपत्रों और अन्य जानकारी के सत्यापन को लेकर सख्त निर्देश जारी किए हैं। इस संबंध में जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी को पत्र जारी कर 29 मार्च 2026 तक अनिवार्य रूप से सत्यापन कार्य पूरा करने को कहा गया है। यह सत्यापन प्रक्रिया 23 मार्च 2026 से शुरू होकर एक निर्धारित पोर्टल के माध्यम से की जाएगी। विभाग ने स्पष्ट किया है कि यह समयबद्ध कार्य है, इसलिए इसमें किसी प्रकार की लापरवाही या देरी स्वीकार नहीं की जाएगी।

शिक्षा विभाग ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि निजी स्कूलों द्वारा अपलोड किए गए मान्यता से संबंधित दस्तावेजों की गहन जांच की जाए। केवल वही दस्तावेज मान्य होंगे, जो विभाग द्वारा जारी किए गए वैध, अद्यतन और समय-समय पर नवीनीकृत मान्यता प्रमाणपत्र हों।

स्थायी मान्यता प्रमाणपत्रों को भी वैध माना जाएगा। वहीं, किसी भी शिक्षा बोर्ड द्वारा जारी 'नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट (एनओसी)', डीम्ड एफिलिएशन या अन्य अनुमति प्रमाणपत्रों को मान्यता के लिए वैध नहीं माना जाएगा। ऐसे दस्तावेजों को तुरंत अस्वीकार करने के निर्देश दिए गए हैं। विभाग ने स्पष्ट किया है कि सत्यापन प्रक्रिया में केवल उन्हीं निजी स्कूलों को शामिल किया जाएगा, जिन्होंने अपना आवेदन अंतिम रूप से जमा किया है। साथ ही पोर्टल पर किसी प्रकार का संपादन (एडिट) विकल्प उपलब्ध नहीं होगा, इसलिए अधिकारियों को पूरी सावधानी और सटीकता के साथ रिकॉर्ड की जांच करनी होगी।

### ओटीपी आधारित लॉगिन और हेल्पलाइन सुविधा

सत्यापन प्रक्रिया के लिए डीईईओ को अपने मौजूदा एमआईएस पोर्टल क्रेडेंशियल्स से लॉगिन करना होगा। यह प्रक्रिया ओटीपी आधारित होगी, जो संबंधित अधिकारी के पंजीकृत मोबाइल नंबर पर भेजा जाएगा। तकनीकी समस्याओं के समाधान के लिए विभाग ने हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया है, जिस पर कार्यदिवसों में सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक संपर्क किया जा सकता है। इसके अलावा, किसी भी स्पष्टीकरण के लिए निजी स्कूल शाखा की सहायक निदेशक से संपर्क करने के निर्देश दिए गए हैं।

### फर्जी या गलत जानकारी पर सख्ती

निर्देशों में कहा गया है कि यदि कोई स्कूल गलत, पुराने, अनधिकृत या अप्रासंगिक दस्तावेज अपलोड करता है, तो उन्हें तुरंत खारिज किया जाए। इसके अलावा, यह भी सामने आया है कि कुछ स्कूल एंट्री लेवल कक्षाओं में सीटें दिखाने से बचने के लिए 'विंग क्लासेज अस्तित्व' को 'नहीं' दर्शाते हैं। अधिकारियों को ऐसे मामलों की विशेष रूप से जांच करने को कहा गया है।

### मान्यता प्रकार अपडेट करना अनिवार्य

यदि किसी स्कूल की स्थिति 'मान्यता प्राप्त' पाई जाती है, तो उसका मान्यता प्रकार अपडेट करना अनिवार्य होगा। इसके लिए विभाग ने अलग-अलग श्रेणियां तय की हैं, जिनमें 2007 के बाद मान्यता प्राप्त स्कूल, अस्थायी मान्यता वाले स्कूल, स्थायी व अस्थायी मिश्रित मान्यता वाले स्कूल तथा 2003 से पहले स्थापित स्थायी मान्यता प्राप्त स्कूल शामिल हैं।

### माइनॉरिटी स्टेटस और मान्यता स्तर की जांच

कुछ निजी स्कूलों द्वारा माइनॉरिटी स्टेटस का दावा भी किया जाता है। विभाग ने ऐसे सभी दावों की संबंधित दस्तावेजों के आधार पर गहन जांच करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही यदि किसी स्कूल ने अपनी मान्यता स्थिति या स्तर गलत दर्ज किया है, तो उसे वास्तविक दस्तावेजों के अनुसार सही किया जाएगा।

## शहीदों के अधूरे सपनों को पूरा करने का लिया संकल्प, किसान सभा का सांस्कृतिक कार्यक्रम

**रोहतक।** गांव मायना में रविवार को अखिल भारतीय किसान सभा की ग्राम इकाई द्वारा 23 मार्च शहीदी दिवस की पूर्व संध्या पर महान क्रांतिकारियों भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु की स्मृति में एक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में देशभक्ति और संघर्ष की भावना मानो हवा में घुली हुई थी, जहां हर शब्द शहीदों की विरासत का विस्तार करता नजर आया। किसान सभा इकाई मायना ने बताया कि इस अवसर पर प्रस्तुत नाटक छिपने से पहले ने दर्शकों के मन में गहरी छाप छोड़ी। नाटक में शहीदों के क्रांतिकारी विचार, उनका अदम्य साहस और अन्याय के खिलाफ उनका संघर्ष जीवंत रूप में प्रस्तुत किया गया। किसान सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष इंद्रजीत सिंह ने कहा कि शहीदों ने जिस आजादी और समानता के सपने के लिए अपने प्राण न्यौछावर किए, वह आज भी अधूरा है। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान नीतियां किसानों और मजदूरों के हितों के खिलाफ हैं, जिससे उनकी आजीविका प्रभावित हो रही है। शहीदों के अधूरे सपनों को पूरा करने का संकल्प लिया। प्रोग्राम समापन के मौके पर शहीदों के सपनों का भारत बनाने के लिए किसान-मजदूर एकता के साथ संघर्ष को और तेज करने का ऐलान किया गया।

## 22 मरीजों ने फ्री कैंप में करवाया उपचार

**रोहतक।** रविवार को मां दानो देवी धर्मार्थ ट्रस्ट की तरफ से सांघी गांव में बीपी जैन फिजियोथैरेपी सेंटर पर फ्री कैंप का आयोजन किया गया। जिसके अंदर गांव और आसपास के मरीजों ने आकर अपने हड्डी और जोड़ों के दर्द की जांच करवाई। इस कैंप में गांव और आसपास से कुल 22 मरीज पहुंचे। जिनकी डॉक्टर अरमान और डॉक्टर मनोज के द्वारा जांच की गई। संस्था के संचालक तस्वीर हुड्डा ने बताया कि सांघी गांव में हर सप्ताह फ्री कैंप का आयोजन किया जाता है। जिसके अंदर हड्डी और जोड़ों दर्द के मरीज आकर अपनी जांच करवा सकते हैं। इस कैंप का आयोजन शहर के सबसे बड़े समाजसेवी राजेश जैन की देखरेख में किया जाता है। जिनकी इच्छा थी कि गांव के मरीजों को इलाज के लिए कहीं दूर न जाना पड़े, साथ ही गांव में ही उन्हें आधुनिक मशीनों से उपचार मिल सके।



महम। रक्तदाताओं को रक्तदान का प्रमाण पत्र प्रदान करते अतिथि व आयोजक।

## अजायब गांव के सरकारी स्कूल में लगाया रक्तदान शिविर

**महम।** रविवार को जनसेवा समिति द्वारा अजायब गांव के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में रक्तदान शिविर लगाया गया। समिति के प्रदेशाध्यक्ष बसंत लाल गिरधर ने बताया कि यह समिति का 178वां रक्तदान शिविर था। शिविर में करीब 100 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। शिविर का शुभारंभ सेवानिवृत प्रिंसिपल कर्मवीर सिंह ने रीबन काटकर किया। अजायब गांव के मंदिर से महंत सच्चाई नाथ ने भी शिविर में पहुंचकर रक्तदाताओं का हौसला बढाया। रोहित शर्मा अधीक्षक वित्त विभाग के अधीक्षक रोहित शर्मा कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि रहे। शिविर के मुख्य अतिथि कर्मवीर सिंह ने 59वीं बार रक्तदान किया। रक्तदान के प्रति युवाओं को प्रेरित करते हुए उन्होंने बताया कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं हो सकता व एक पुरुष साल में चार बार व महिला साल में तीन बार रक्तदान कर सकती है। इस रक्तदान शिविर में दीपक, पवन, रामभगत, संदीप, सतीश दलाल समेत कई रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। इस मौके पर बिल्लू, तनिष, रवि, रविन्द्र ,शिवपाल अमित, मोहित, सत्येंद्र व मास्टर नरेश मौजूद थे।

### मदवि में कार्यशाला, नैतिक चिंताओं एवं जीसीपी पर दी महत्वपूर्ण जानकारी

# एथिक्स कमेटियों के मूल सिद्धांतों का पालन गुणवत्तापूर्ण शोध के लिए अनिवार्य : प्रो. ध्रुव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) की ह्यूमन एथिक्स (एचईसी) के द्वारा आर्यभट्टा सेंट्रल इंस्ट्रूमेंटेशन प्रयोगशाला (एसीआईएल) में बायोमेडिकल रिसर्च में नैतिक चिंताओं एवं जीसीपी पर प्रशिक्षण विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। पीजीआईएमएस रोहतक के पल्मोनरी एवं क्रिटिकल केयर मेडिसिन विभाग के वरिष्ठ प्रोफेसर एवं अध्यक्ष प्रो. ध्रुव चौधरी ने अपने व्याख्यान में एथिक्स कमेटियों के मूल सिद्धांतों तथा आईसीएमआर दिशा-निर्देशों की विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि नैतिक मानकों का पालन गुणवत्तापूर्ण एवं विश्वसनीय शोध के लिए अत्यंत आवश्यक है।

उन्होंने यह भी कहा कि बायोमेडिकल अनुसंधान में प्रतिभागियों की सुरक्षा, गोपनीयता और सूचित सहमति सुनिश्चित करना प्रत्येक शोधकर्ता की प्राथमिक जिम्मेदारी है। प्रो. चौधरी ने शोध प्रस्तावों की निष्पक्ष समीक्षा, नियमित मॉनिटरिंग तथा पारदर्शिता को एथिक्स कमेटियों की प्रभावशीलता के प्रमुख तत्व बताते हुए प्रतिभागियों को व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से दिशा-निर्देशों के प्रभावी क्रियान्वयन पर बल दिया। कार्यक्रम की मंच संचालन की जिम्मेदारी सेंटर फॉर बायोइंफॉर्मेटिक्स की निदेशक डॉ. महक डांगी ने निभाई, जबकि कार्यशाला का शुभारंभ संयोजक एवं जीव विज्ञान संकाय की अधिष्ठाता प्रो. मीनाक्षी वशिष्ठ के स्वागत संबोधन से हुआ।



रोहतक। आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पीजीआई के पल्मोनरी एवं क्रिटिकल केयर मेडिसिन विभाग के वरिष्ठ प्रोफेसर एवं अध्यक्ष प्रो. ध्रुव चौधरी को सम्मानित करते प्रोफेसर। फोटो : हरिभूमि

### चार तकनीकी सत्र आयोजित

कार्यशाला में चार तकनीकी सत्र आयोजित किए गए। पहले सत्र में स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार की वैज्ञानिक-डी डॉ. सुजाता सिन्हा ने हेल्थ रिसर्च में नैतिकता: श्रेष्ठ प्रथाएं एवं नवीनतम अपडेट विषय पर मुख्य व्याख्यान दिया। एचईसी-एमडीयू के अध्यक्ष एवं संस्कारम विश्वविद्यालय, झज्जर के प्रो-वाइस चांसलर प्रो. एमसी गुप्ता ने न्यू ड्रग्स एंड क्लिनिकल ट्रायल्स रूल्स, 2019 पर अपने विचार रखे। अंतिम सत्र में पीजीआईएमएस रोहतक की प्रो. सविता वर्मा ने एडवर्स इवेंट मॉनिटरिंग के संदर्भ में जीसीपी विषय पर महत्वपूर्ण जानकारी साझा की।